# रणजीत टाइम्स

इंदौर

शनिवार, 8 नवम्बर, 2025

वर्ष 01 | अंक 277 | कुल पृष्ठ : 8 | Digital

RNI-NO.MPHIN/2015/64585

प्रधान संपादक : गोपाल गावंडे


# इंदौर: राष्ट्रगीत "वंदे मातरम"

## 150वाँ स्मरणोत्सव धूमधाम से मनाया गया

आदित्य शर्मा

**इंदौर। राष्ट्रीय गीत "वंदे मातरम" की 150वीं वर्षगांठ स्मरणोत्सव आज इंदौर कलेक्टर कार्यालय में समारोहपूर्वक मनाया गया।**

»» मुख्य अतिथि नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय थे। इस अवसर पर सांसद श्री शंकर लालवानी, महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव, विधायक श्री रमेश मेंदोला, कलेक्टर श्री शिवम वर्मा, नगर निगम आयुक्त श्री दिलीप कुमार यादव, इंदौर विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. परीक्षित झाड़े, डीसीपी श्री आनंद कलादगी, अपर कलेक्टर श्री नवजीवन विजय पंवार, श्री रिंकेश वैश्य, श्रीमती निशा डामोर सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।



कार्यक्रम में सभी ने राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम का सस्वर गायन किया। इस अवसर पर स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने और प्रोत्साहित करने का संकल्प भी लिया गया। साथ ही उपस्थित जनों ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के दिल्ली में दिए गए उद्बोधन को लाइव देखा। कार्यक्रम में बीएसएफ बैंड तथा कलापथक दल द्वारा राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत गीतों की शानदार प्रस्तुतियां दी गईं।

पूरा वातावरण देशभक्ति के भाव से ओतप्रोत हो उठा। बताया गया कि भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम्' की 150वीं वर्षगाँठ को देशभर में आगामी 1 वर्ष तक मनाया जाएगा। सरकार ने राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम्' की 150वीं वर्षगाँठ को 7 नवम्बर 2025 से 7 नवम्बर 2026 तक समारोहपूर्वक मनाने का निर्णय लिया है। "वंदे मातरम्" के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व को देखते हुए वर्षभर विविध गतिविधियाँ 4 चरणों में आयोजित होंगी। प्रथम चरण 7 से 14 नवम्बर तक मनाया जाएगा। द्वितीय चरण 19 से 26 जनवरी 2026 (गणतंत्र दिवस), तृतीय चरण 7 से 15 अगस्त 2026 (हर घर तिरंगा अभियान के साथ) तथा चतुर्थ चरण 1 से 7 नवम्बर 2026 तक आयोजित होगा।

## ठंड ने तोड़ा 10 सालों का रिकॉर्ड, 10.3 डिग्री तक लुढ़का पारा

# कांपा शहर

आदित्य शर्मा

**इंदौर। ठंड ने इस साल सभी पुराने रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। नवंबर के पहले ही सप्ताह में तापमान अचानक इतनी तेजी से गिरा कि शहर ने पिछले 10 वर्षों की सबसे ठंडी नवंबर रात दर्ज की। मंगलवार देर रात पारा गिरकर 10.3 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया, जो इस मौसम की अब तक की सबसे ठंडी रात साबित हुई। मौसम विभाग के अनुसार, इस साल नवंबर के शुरुआती दिनों में ही ठंड ने वह दस्तक दी है, जो आमतौर पर 20 नवंबर के बाद महसूस की जाती थी।**

10.3 डिग्री का यह न्यूनतम तापमान सामान्य से 5 डिग्री कम रहा। दिन का अधिकतम तापमान भी घटकर 28.3 डिग्री दर्ज किया गया, जो सामान्य से करीब 3 डिग्री नीचे है।

चार दिनों में ही इंदौर का तापमान 12 डिग्री से ज्यादा गिरा



है। रविवार को जहां रात का न्यूनतम तापमान 22.4 डिग्री था, वहीं मंगलवार की रात यह 10.3 डिग्री तक लुढ़क गया। अचानक आई इस ठंड ने लोगों को sweaters, jackets और गर्म कपड़ों की तलाश में लगा दिया है।

## राहुल गांधी का मध्य प्रदेश दौरा: पचमढ़ी में कांग्रेस नेताओं को देंगे ट्रेनिंग, 2026-28 चुनावों की रणनीति पर होगी चर्चा

आदित्य शर्मा

भोपाल। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी आज , 8 नवंबर को मध्य प्रदेश के एक दिवसीय दौरे पर आ रहे हैं। वे राज्य के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल पचमढ़ी में आयोजित कांग्रेस के विशेष प्रशिक्षण सत्र में शामिल होंगे। इस दौरान राहुल गांधी प्रदेशभर से आए जिला अध्यक्षों, वरिष्ठ पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से संवाद करेंगे। मध्य प्रदेश कांग्रेस ने इस कार्यक्रम को पार्टी कार्यकर्ताओं में "नई ऊर्जा और दिशा" भरने वाला बताया है। प्रशिक्षण सत्र में संगठन को मजबूत करने, बूथ स्तर तक सक्रियता बढ़ाने और आने वाले 2026 के निकाय चुनाव तथा 2028 के विधानसभा चुनाव की रणनीति पर मंथन किया जाएगा। जानकारी के अनुसार, राहुल गांधी सुबह भोपाल से पचमढ़ी पहुंचेंगे, जहां प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी और अन्य वरिष्ठ नेता उनका स्वागत करेंगे। इसके बाद



वे पार्टी नेताओं को संबोधित करेंगे और प्रशिक्षण सत्र के विभिन्न चरणों में भाग लेंगे। कांग्रेस सूत्रों का कहना है कि राहुल गांधी इस दौरे में संगठन की मजबूती, कार्यकर्ताओं से सीधा संवाद और जमीनी मुद्दों पर पार्टी की रणनीति को लेकर स्पष्ट दिशा देंगे। पचमढ़ी का यह ट्रेनिंग कैंप कांग्रेस के लिए आने वाले चुनावी मौसम का शुरुआती बिगुल माना जा रहा है।

# इंदौर : क्वींस कॉलेज
## जेंडर आधारित हिंसा उन्मूलन के तहत विशेष जागरूकता अभियान आयोजित किया गया



खुशबू श्रीवास्तव

इंदौर | तेजाजी|क्वींस कॉलेज ऑडिटोरियम में पुलिस अधिकारी बच्चों से बातचीत करते हुए, छात्र-छात्राएं ध्यान से सुनते हुए) कार्यक्रम में एडिशनल DCP और तेजाजी नगर थाना प्रभारी अपने स्टाफ के साथ मौजूद रहे। उन्होंने छात्राओं को सतर्कता, आत्मरक्षा, और गुड टच-बैड टच जैसे अहम विषयों पर जानकारी दी।

### कार्यक्रम की शुरुआत

राष्ट्रीय गीत वन्देमातरम के साथ शुरू हुआ एडिशनल DCP द्वारा बताया की हमारा उद्देश्य है कि बच्चे और खासकर छात्राएं जागरूक रहें, ताकि किसी भी प्रकार की हिंसा या छेड़छाड़ की स्थिति में तुरंत प्रतिक्रिया दे सकें और पुलिस की मदद लें।"पुलिस अधिकारियों ने बच्चों को बताया कि किसी भी असामान्य स्थिति में वे तुरंत पुलिस हेल्पलाइन नंबर 100 या 1090 पर संपर्क कर सकते हैं। इंदौर पुलिस द्वारा इस तरह के जन-जागरूकता अभियान लगातार चलाए जा रहे हैं, ताकि समाज में जेंडर समानता और सुरक्षा की भावना को मजबूत किया जा सके। कर्यक्रम मे तेजाजी नगर थाना प्रभारी देवेंद्र मरकाम एडिशनल डीसीपी आलोक शर्मा जी क्वीन कॉलेज के प्राचार्य भी मौजूद रहे।

# कैंसर प्रबंधन में आध्यात्म, योग एवं आयुर्वेद चिकित्सा पर राष्ट्रीय कार्यशाला



इंदौर। शासकीय अष्टांग आयुर्वेद महाविद्यालय एवं चिकित्सालय में शुक्रवार को राष्ट्रीय कैंसर जागरूकता दिवस के अवसर पर कैंसर मैनेजमेंट थ्रू भगवत गीता, योग एवं आयुर्वेद विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया , जिसमें वक्ता के रूप में डॉ अखलेश भार्गव, आयुर्वेद कैंसर विशेषज्ञ, डॉ निशा जोशी योग एवं आध्यात्म विशेषज्ञ, डॉ सुधीर कटारिया ऑंकोलॉजिस्ट के द्वारा अपने विचार रखे गये, कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य डॉ एस के नायक ने बताया कि पिछले कई वर्षों से अस्पताल में कैंसर की यूनिट संचालित है एवं हजारों मरीज आयुर्वेद से कैंसर का इलाज लेने आते हैं, कैंसर के मरीजों को और अधिक राहत देने के लिए एवं उनके मानसिक बल को बढ़ाने के लिए योग,आयुर्वेद अध्यात्म और दर्शन चिकित्सा के संयुक्त प्रबंधन के द्वारा अधिक राहत दी जा सकेगी, इसके लिए एक यूनिट की स्थापना की जाएगी। कार्यशाला में शहर के आध्यात्म विशेषज्ञ एवं कैंसर के मरीज भी उपस्थित रहें और अपने विचार रखें, कैंसर के मरीज ने आयुर्वेद के द्वारा ली जाने वाली प्रभावी चिकित्सा के फायदे बताये, अध्यात्म द्वारा कैंसर के प्रबंधन पर प्रदेश में ऐसी पहली राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ श्वेता वर्मा के द्वारा किया गया, कार्यशाला में ऑनलाइन माध्यम से देश एवं विदेश के लोग भी जुड़ें, डॉ निशा जोशी ने बताया कि हमारा कर्म चिकित्सा लगातार करना चाहिए और अच्छे कर्म के द्वारा किया गया फल भी अच्छा प्राप्त होता है, डॉ कटारिया ने बताया कि हमें संयुक्त चिकित्सा पद्धति द्वारा मरीजों को राहत पहुंचाना चाहिए।

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम का दिल्ली से सीधा प्रसारण को देखा

# पिछोर छत्रसाल महाविद्यालय में विधायक की उपस्थिति में मनाई गई "वंदे मातरम्" गीत की 150 वीं वर्षगांठ

रणजीत टाइम्स »» जगदीश पाल

पिछोर (शिवपुरी) भारत सरकार द्वारा 07नवंबर 2025 शुक्रवार को समूचे भारत देश में "वंदे मातरम"की 150 वीं वर्षगाँठ मनाई जा रही है,इसी क्रम में आज पिछोर शासकीय छत्रसाल महाविद्यालय में प्रात : 9 :30 बजे से वंदे मातरम कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसके मुख्य अतिथि पिछोर क्षेत्रीय विधायक माननीय प्रीतम सिंह लोधी थे!




विधायक प्रीतम सिंह लोधी द्वारा सर्वप्रथम मां सरस्वती की पूजा अर्चना की !इसके तत्पश्चा "वंदे मातरम" गीत का गायन किया गया, प्रातः10:00 बजे से माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के कार्यक्रम का दिल्ली से सीधा प्रसारण को सभी के द्वारा देखा गया ओर सुना गया! इस मौके पर अतिरिक्त जिला पंचायत सीईओ एन. एस.नरवरिया, तहसीलदार शिवशंकर सिंह गुर्जर,विकासखंड शिक्षा अधिकारी विनोद गुप्ता,बी.डी.ओ. रामपाल बघेल, विकास भार्गव,विधायक प्रतिनिधि के.पी. कुशवाह सहित अधिकारी कर्मचारीगण आदि उपस्थित थे!

एसडीएम श्रीमती ममता शाक्य द्वारा जानकारी देते हुए बताया की है यह कार्यक्रम चार चरणों में चलेगा प्रथम चरण जो आज 07 से 14 नवंबर तक चलेगा,द्वितीय चरण 19 से 26 जनवरी 2026 (गणतंत्र दिवस),तृतीय चरण 07 से 15 अगस्त 2026 (हर घर तिरंगा अभियान के साथ) तथा अंतिम चौथा चरण 01 से 07 नवंबर 2026 जो कि समापन सप्ताह के रूप में मनाया जाएगा,इन आयोजनों में सभी स्तरों पर आम नागरिकों की सहभागिता के साथ-साथ विद्यालय-महाविद्यालय छात्र-छात्राएं, जनप्रतिनिधि, शासकीय अधिकारी- कर्मचारी,पुलिसकर्मियों -डॉक्टर,शिक्षकों,व्यवसायीगण एवं अन्य सभी प्रकार के सामाजिक संगठनों के लोगों की इस कार्यक्रम में सहभागिता सुनिश्चित रहेगी!

08 नवंबर को प्रत्येक ग्राम पंचायत में वंदे मातरम गीत के कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा जिसमें सभी लोगों की उपस्थिति की सहभागिता रहेगी,इसके साथ ही 10 नवंबर को प्रातः10:00 बजे से नगरीय निकायों में वंदे मातरम गीत का गायन सभी जगह किया जाएगा इन सभी कार्यक्रमों में स्थानीय जनप्रतिनिधि भाग लेंगे, तथा मुख्य रूप से यह संकल्प भी लेंगे कि हम सभी देश, प्रदेशवासी "स्वदेशी अपनाएं"अंत में अतिरिक्त जिला पंचायत सीईओ एन.एस.नरवरिया द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों का आभार प्रदर्शन किया!



# वृत महू आबकारी इन्दौर की 7/11/2025 कार्यवाही



**आदित्य शर्मा**

इंदौर। कलेक्टर महोदय जिला- इंदौर, श्रीमान शिवम वर्मा द्वारा ग्राम गजिन्दा ग्राम पंचायत बाई में आयोजित रात्रि चौपाल में दिए गए आदेश एवं सहायक आयुक्त आबकारी अभिषेक तिवारी जी के द्वारा दिये निर्देशानुसार तथा कंट्रोलर महोदय देवेश चतुर्वेदी एवं डिप्टी कंट्रोलर मनोज अग्रवाल सहायक जिला आबकारी अधिकारी वृत महू अ के श्री गणपत सिंह धुध ,श्री पवन टीकेकर नेतृत्व में आज दिनांक 07.11.2025 को आबकारी उप निरीक्षक कृतिका द्विवेदी की टीम ने वृत्त क्षेत्र ग्राम गजिन्दा सैंडल मेडल बाई ग्राम में अवैध मदिरा के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही की गई।

कार्यवाही में कुल 10 प्रकरण दर्ज किए जिसमे 04 आरोपियों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1)क का प्रकरण पंजीबद्ध किया गया।30 लीटर कच्ची हाथ भट्टी मदिरा जप्त की गई1100 किलो महुआ लाहन मौके पर नष्ट किया जिसका कुल बाजार मूल्य लगभग 1,06,000/- रुपए है। आज की कार्यवाही में आबकारी उप निरीक्षक जयेश वास्केल आरक्षक हुकुम सिंह पवार, कमलेश निहोरे, हेमा , विवेक का सराहनीय योगदान रहा।

# महू एसडीम

## राकेश परमार की बैठी जांच



**आदित्य शर्मा**

**10 करोड़ की सरकारी जमीन निजी दर्ज करने का आरोप महू ( संदीप शर्मा) महू एसडीम राकेश परमार पर सरकारी जमीन को निजी करने का आरोप है।**

### यह है पूरा मामला

महू एसडीम राकेश परमार के एक आदेश पर जांच बैठ गई है। सरकारी जमीन को निजी के रूप में दर्ज करने का आरोप है। इस पर संभावित सुदाम खाड़े ने जांच बैठा दी है। ग्राम हरसोला के सर्वे नंबर 1010 /4 की1.214 हेक्टर इस जमीन की कीमत 10 करोड़ से ज्यादा बताई जाती है।

### संभागयुक्त ने कलेक्टर से मांगे दस्तावेज

इस मामले में संभावित ने इंदौर कलेक्टर शिवम वर्मा से इस जमीन संबंधी आदेशों व अन्य दस्तावेजों की जानकारी मांगी थी। कलेक्टर ने सभी दस्तावेज संभायुक्त को भेज दिए हैं । एसडीएम परमार के खिलाफ आरोप पत्र जारी हुआ है।

### आरोप पत्र में परमार पर लगे हैं आरोप

आरोप पत्र में कहा गया है कि महू एसडीम रहते हुए आपने (एस डी एम राकेश परमार) 6 जून 2025 को ग्राम हरसोला की सर्वे नंबर 1010/4 की1.214 हेक्टर सरकारी जमीन जो पहले शासकीय चरनोई थी। उसे लक्ष्मी बाई पति रामकिशन के नाम पर निजी तौर पर दर्ज करने का आदेश दिया था। यह आदेश न्यायालय प्रकरण क्रमांक 197/ अपील 2024--25 के तहत 6 जून 2025 को पारित किया गया था।

### कलेक्टर ने घोषित की थी सरकारी

आरोप पत्र में यह भी है कि इंदौर कलेक्टर ने केस 10/अ -39/2001-02 मैं पारित आदेश 18 अप्रैल 2022 द्वारा भू राजस्व संहिता 1959 के तहत धारा 182 (2) मैं पट्टा निरस्त कर इसे शासकीय चुने घोषित किया गया था।

आरोप पत्र में यह भी लिखा यह कदाचरण और दंडनीय आरोप पत्र में संभायुक्त द्वारा लिखा गया है कि अपील प्रकरण में आदेश पारित करने के पहले राजस्व अभिलेख का गंभीरता व सतर्कता पूर्वक अवलोकन नहीं किया गया। एसडीएम परमार का दायित्व था कि शासकीय भूमि को खुर्द बुर्द होने से बचा कर उसे शासकीय उपयोग के लिए सुरक्षित रखें । यह उनके द्वारा नहीं किया गया और 6 जून 2025 को आदेश पारित किया गया। यह शासकीय काम के प्रति लापरवाही वह नियमों की अवहेलना है। यह कदाचरण की श्रेणी में आता है एसडीएम राकेश परमार पर मध्य प्रदेश सिविल सेवा (वर्गीकरण तथा अपील) नियम 1966 के नियम 12(2 ) व 13(1) के अधीन कार्यवाही का आरोप पत्र जारी हुआ है।

# करैरा नगर परिषद में फर्जी प्रस्ताव और रिकॉर्ड हेराफेरी का आरोप 2 महिला पार्षदों ने SDM को सौंपा शिकायती पत्र, कहा- अध्यक्ष पति के दबाव में काम कर रही है परिषद



**दीपक परमार**

करैरा नगर परिषद करैरा में व्याप्त भ्रष्टाचार और अनियमितताओं का मामला अब खुलकर सामने आया है। वार्ड क्रमांक 3 की पार्षद शालिनी सोनी और वार्ड क्रमांक 15 की पार्षद खुशबू यादव ने एसडीएम करैरा को अलग-अलग शिकायती आवेदन सौंपते हुए परिषद में फर्जी प्रस्ताव पारित करने,बैठक कार्यवाही में हेराफेरी करने और महत्वपूर्ण रजिस्टरों को छिपाने के गंभीर आरोप लगाए हैं। दोनों ने आरोप लगाया कि परिषद अध्यक्ष के पति के दबाव में पूरा प्रशासनिक कामकाज प्रभावित हो रहा है।

2 पार्षदों ने अपने आवेदनों में समान बिंदुओं का उल्लेख करते हुए कहा कि हालिया परिषद बैठक में बजट प्रस्ताव और एफडीआर वापसी का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित दिखाया गया,जबकि उन्होंने स्पष्ट रूप से इन प्रस्तावों का विरोध किया था। शालिनी सोनी ने बताया कि उन्होंने बैठक रजिस्टर में अपनी असहमति दर्ज कराई थी,लेकिन बाद में उसे नजरअंदाज कर फर्जी सर्वसम्मति दर्शाई गई। खुशबू यादव ने भी यही आरोप लगाते हुए कहा कि यह जनप्रतिनिधियों के अधिकारों का खुला उल्लंघन और लोकतांत्रिक प्रक्रिया पर हमला है।

पार्षदों ने नगर परिषद अधिनियम 1961 की धारा 19 का हवाला देते हुए कहा कि बैठक की कार्यवाही उसी दिन रजिस्टर में अंकित करना अनिवार्य है,लेकिन करैरा परिषद में यह नियम कभी नहीं माना जाता,रजिस्टर मांगने पर हमेशा यही कहा जाता है कि वह अध्यक्ष महोदय के घर पर है। पार्षदों का कहना है कि यह प्रथा वर्षों से चली आ रही है, जिससे पारदर्शिता खत्म हो गई है। आवेदनों में यह भी उल्लेख है कि पीआईसी बैठकें समय पर नहीं होतीं,और इनकी कार्यवाही केवल कागजों तक सीमित रहती है। परिषद के कैश बुक,कार्यवाही रजिस्टर,स्टोर रजिस्टर और खपत रजिस्टर जैसे दस्तावेज न तो जनप्रतिनिधियों को दिखाए जाते हैं, न ही जनता को। जानकारी मांगने पर यही जवाब मिलता है कि सारे रजिस्टर अध्यक्ष पति के निवास पर रखे हैं। दोनों पार्षदों ने सूचना का अधिकार अधिनियम (RTI) के तहत जानकारी न देने पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि आरटीआई आवेदन देने के बावजूद समय पर कोई जवाब नहीं दिया जाता,जिससे जवाबदेही खत्म हो रही है।

पार्षदों ने मांग की है कि फर्जी प्रस्तावों, रजिस्टर हेराफेरी और अध्यक्ष पति की दखलंदाजी की स्वतंत्र जांच कराई जाए। उन्होंने दोषी अधिकारियों व कर्मचारियों के खिलाफ नगर पालिका अधिनियम 1961 और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत कार्रवाई की मांग की है। एसडीएम कार्यालय पहुंचकर दोनों पार्षदों ने आवेदन सौंपे और कहा कि अगर कार्रवाई नहीं हुई तो वे उच्चाधिकारियों तक शिकायत लेकर जाएंगी। शालिनी सोनी ने कहा, "जनता के हितों की रक्षा के लिए यह कदम उठाना जरूरी हो गया है।" वहीं खुशबू यादव ने कहा, "ऐसी अनियमितताएं लोकतंत्र को कमजोर करती हैं।" इस प्रकरण के बाद करैरा की स्थानीय राजनीति में हलचल बढ़ गई है और पारदर्शिता की मांग ने नया मोड़ ले लिया है।

# एक राष्ट्र, एक चुनाव

## लोकतंत्र को नई दिशा देने की ऐतिहासिक पहल

**सूर्या परमार**

भारत में चुनावों का सिलसिला कभी थमता नहीं। कभी लोकसभा, तो कभी विधानसभा, पंचायत या निकाय चुनाव-यह प्रक्रिया लगभग हर वर्ष किसी न किसी राज्य में जारी रहती है। इसी निरंतर चुनावी माहौल से प्रशासनिक कामकाज प्रभावित होता है और सरकारी खजाने पर भी बड़ा बोझ पड़ता है। अब केंद्र सरकार इस व्यवस्था में सुधार के लिए "एक राष्ट्र, एक चुनाव" की ऐतिहासिक पहल करने जा रही है।

### क्या है यह अवधारणा

"एक राष्ट्र, एक चुनाव" का मतलब है-देश की संसद (लोकसभा) और सभी राज्यों की विधानसभाओं के चुनाव एक साथ, एक ही समय पर कराए जाएँ। मतदान भी एक ही अवधि में हो और परिणाम भी एक साथ घोषित किए जाएँ। इससे चुनाव प्रक्रिया पारदर्शी, किफायती और समयबद्ध बन सकेगी।

### इतिहास गवाह है

स्वतंत्र भारत में 1951–52, 1957, 1962 और 1967 में लोकसभा और विधानसभाओं के चुनाव एक साथ हुए थे। परंतु 1967 के बाद कुछ राज्यों की विधानसभाएँ समयपूर्व भंग हो जाने से यह तालमेल बिगड़ गया। तब से केंद्र और राज्यों में अलग-अलग चुनाव होते रहे हैं, जिससे सरकारें अक्सर चुनावी मोड में फँसी रहती हैं।

### क्या होंगे इसके लाभ

राजनीतिक जानकारों का मानना है कि एक साथ चुनाव होने से सरकार का समय और धन दोनों की बचत होगी। बार-बार चुनाव कराने में अरबों रुपये खर्च होते हैं और लाखों सरकारी कर्मचारी चुनाव ड्यूटी में लगते हैं। यदि यह प्रक्रिया एकसाथ पूरी होगी तो प्रशासनिक दबाव घटेगा, विकास कार्यों में रुकावट नहीं आएगी, और जनता को बार-बार के चुनावी माहौल से राहत मिलेगी।

### मुख्य चुनौतियाँ

विशेषज्ञों के अनुसार, इस प्रणाली को लागू करने में कई संवैधानिक और तकनीकी बाधाएँ सामने आएँगी। राज्यों और केंद्र की सरकारों की अवधि अलग-अलग है, उन्हें एकसमान लाने के लिए संविधान में संशोधन जरूरी होगा। इसके अलावा, यदि किसी राज्य की सरकार समय से पहले गिर जाए तो पूरे सिस्टम का संतुलन बिगड़ सकता है। साथ ही राजनीतिक सहमति बनाना भी एक बड़ी चुनौती रहेगी।

### सरकार की पहल

केंद्र सरकार ने इस विषय पर एक उच्चस्तरीय समिति गठित की है, जिसकी अध्यक्षता पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद कर रहे हैं। यह समिति सभी राजनीतिक दलों, संवैधानिक विशेषज्ञों और संस्थाओं से सुझाव लेकर रिपोर्ट तैयार कर रही है, ताकि इसे लागू करने की दिशा में ठोस रास्ता निकाला जा सके।

### धर्मेन्द्र परमार ने क्या कहा



जिला संयोजक Adv. धर्मेन्द्र परमार (SFONOE) ने कहा कि "एक राष्ट्र, एक चुनाव" लोकतंत्र को नई दिशा देने वाला कदम है। बार-बार होने वाले चुनावों से देश की अर्थव्यवस्था, प्रशासन और विकास कार्य सभी प्रभावित होते हैं। यदि देश में एक साथ चुनाव की व्यवस्था लागू होती है, तो इससे पारदर्शिता और राजनीतिक स्थिरता दोनों बढ़ेंगी। परमार ने कहा कि यह सिर्फ चुनावी सुधार नहीं, बल्कि "सिस्टम सुधार" है, जो जनता और शासन दोनों के हित में है।

**पत्रकार सूर्या परमार का मत**

**"एक राष्ट्र, एक चुनाव"**

**»» पहल लोकतांत्रिक मजबूती की दिशा में ऐतिहासिक साबित हो सकती है। यह व्यवस्था तभी सफल होगी जब इसमें सभी दलों की सहमति और जनता का समर्थन शामिल हो। अगर राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए यह प्रणाली लागू की गई, तो भारत का लोकतंत्र और भी परिपक्व और सशक्त बनकर उभरेगा।**

# इंदौर सहित पूरे मध्यप्रदेश को पुनः एक और गौरवपूर्ण उपलब्धि

**इंदौर की बेटी और अंतर्राष्ट्रीय पैरा एथलीट पूजा गर्ग "राष्ट्रीय पुरस्कार 2025" के लिए चयनित राष्ट्रपतिजी नई दिल्ली में करेंगी सम्मानित**

इंदौर । इंदौर सहित मध्यप्रदेश को एक और गौरवपूर्ण उपलब्धि प्राप्त हुई है। इंदौर की बेटी और अंतर्राष्ट्रीय पैरा एथलीट कु. पूजा गर्ग (अग्रवाल) का चयन भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा घोषित "राष्ट्रीय पुरस्कार 2025" के लिए किया गया है। उन्हें यह सम्मान "श्रेष्ठ दिव्यांगजन (Locomotor Disability)" श्रेणी में प्रदान किया जाएगा। यह पुरस्कार दिसंबर 2025 में नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय समारोह में राष्ट्रपति श्रीमती द्रोपदी मुर्मु द्वारा प्रदान किया जाएगा। कु. पूजा गर्ग की जीवन यात्रा साहस, संघर्ष और प्रेरणा का प्रतीक है। वर्ष 2010 में एक गंभीर दुर्घटना में रीढ़ की हड्डी (स्पाइनल कॉर्ड) में चोट लगने के बाद भी उन्होंने हार नहीं मानी। कठिन पुनर्वास और 13 सर्जरियों के बाद उन्होंने न केवल सामान्य जीवन की ओर वापसी की, बल्कि कैंसर जैसी गंभीर बीमारी को भी मात दी। आज वे भारत की अंतरराष्ट्रीय पैरा कैनो खिलाड़ी हैं और एशियन पैरा कैनो चैंपियनशिप 2025 (थाईलैंड) में दो कांस्य पदक जीतकर देश का गौरव बढ़ा चुकी हैं। वर्ष 2024 में उन्होंने 14 हजार 400 फीट ऊँचे नाथुला पास (सिक्किम) पर मोटरबाइक से पहुँचकर भारतीय तिरंगा लहराया, जिसके लिए उनका नाम "वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स – लंदन" में दर्ज किया गया। खेलों के साथ-साथ वे एक सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में भी सक्रिय हैं। अपनी संस्था "पंखों की उड़ान चैरिटेबल फाउंडेशन" के माध्यम से वे देशभर में गुड टच–बैड टच, आत्मरक्षा, कैंसर जागरूकता और खेल प्रेरणा अभियानों का संचालन कर रही हैं, जिससे हजारों बच्चों और युवाओं में आत्मविश्वास और जागरूकता का संचार हुआ है। कु. पूजा गर्ग को जिला प्रशासन द्वारा दिव्यांगजनों के लिए सुगम मतदान सुनिश्चित करने हेतु गठित "डिस्ट्रिक्ट मॉनिटरिंग कमेटी ऑन एक्सेसिबल इलेक्शन" की सदस्य के रूप में भी नामांकित किया गया है।

# मंडी में ई-टोकन के नाम पर लूट का धंधा

## खाद वितरण केंद्र पर खुलेआम भ्रष्टाचार-किसानों से वसूले जा रहे 50-50 रुपये, वीडियो बना सबूत




**सूर्या परमार**




शुजालपुर कृषि उपज मंडी के पास स्थित मध्य प्रदेश राज्य सहकारी विपणन केंद्र शुजालपुर मंडी में किसानों की जेब पर डाका डालने का खेल खुलकर चल रहा है। केंद्र में समिति द्वारा हर किसान से ई-टोकन बुक कराने के नाम पर 50 रुपये प्रति टोकन की अवैध वसूली की जा रही है। मंडी गेट पर एक युवक को बैठाया गया है, जो हर किसान से 50 रुपये लेकर व्हाट्सएप के जरिए अंदर बैठे कर्मचारी को टोकन भेजता है, फिर अंदर से प्रिंट निकालकर सेल्समैन को दिया जाता है-तभी किसान को खाद मिलती है। यानी बिना पैसे दिए टोकन नहीं, और बिना टोकन के खाद नहीं!

### किसानों का आरोप है




"सरकार ने तो खाद वितरण और टोकन दोनों को निःशुल्क किया है, लेकिन शुजालपुर केंद्र पर ये आदेश सिर्फ कागजों में हैं, हकीकत में तो किसानों से जबरन पैसे वसूले जा रहे हैं।" सूत्रों के मुताबिक इस पूरे खेल में केंद्र के कर्मचारी से लेकर समिति तक की गहरी मिलीभगत है। किसानों का कहना है कि उन्होंने इस गोरखधंधे का वीडियो सबूत भी तैयार कर लिया है, जो यह साबित करता है कि विपणन केंद्र में खुलेआम भ्रष्टाचार हो रहा है।

### अब बड़ा सवाल यह है कि

**क्या सहकारी विभाग और कृषि अधिकारी इस पर कार्रवाई करेंगे? या फिर "मंडी माफिया" किसानों की जेब यूं ही काटते रहेंगे?**

राष्ट्रीय गीत

# वंदे मातरम

## 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में आयोजित प्रतिदिन अनुसार कल शुक्रवार के कार्यक्रम से हुआ शुभारंभ



**दिलीप पाटीदार**

सरदारपुर/धार। राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में आयोजित कार्यक्रम जो की 7 नवंबर 2025 से 7 नवंबर 2026 तक आयोजित होने वाले कार्यक्रम में आज वंदे मातरम राष्ट्रगीत से ठीक 9:30 बजे पर शुभारंभ किया! उक्त आयोजन जनपद पंचायत सरदारपुर में एसडीएम महोदया सुश्री सलोनी अग्रवाल के मार्गदर्शन एवं श्री मुकेश बामनिया तहसीलदार के निर्देशन किया गया . जानकारी देते हुए मीडिया प्रभारी अश्विनी दीक्षित ने बताया कि कार्यक्रम में खेल परिसर छात्रावास के छात्र, मॉडल स्कूल छात्रावास के छात्र-छात्राएं ,सीनियर बालिका अनुसूचित जनजाति छात्रावास की छात्राएं सम्मिलित हुई!

कार्यक्रम में विकासखंड शिक्षा अधिकारी विष्णु रघुवंशी, खेल परिसर प्रभारी संजय दीक्षित, छात्रावास अधीक्षक नरेंद्र दांगी, छात्रावास अधीक्षक श्रीमती कुसुम पटेल , छात्रावास अधीक्षक राजेश झाणिया, कैलाश कन्नौज, सुरेश जमरे adeo जनपद पंचायत एवं अधिकारी / कर्मचारी उपस्थित रहे।

# राजस्व अर्जन लक्ष्यों की समीक्षा बैठक में कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने दिए निर्देश

**दिलीप पाटीदार**

धार। जिले में राजस्व अर्जित करने के संबंध में निर्धारित लक्ष्यों और उनकी वर्तमान पूर्ति की स्थिति की समीक्षा हेतु संबंधित विभागों के कार्यालय प्रमुखों की बैठक आयोजित की गई।

कलेक्ट्रोरेट में आयोजित बैठक से वर्चुअली जुड़े कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने बैठक में विभागवार प्रगति की विस्तृत जानकारी ली और लक्ष्यों की प्राप्ति सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर श्री मिश्रा ने कहा कि राजस्व संग्रहण प्रशासनिक कार्यों की गति और विकास योजनाओं



के क्रियान्वयन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है, इसलिए सभी विभाग निर्धारित समयसीमा में लक्ष्य पूर्ति का रोडमैप तैयार कर कार्यवाही करें। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को लंबित प्रकरणों के शीघ्र निराकरण, नियमित फील्ड मॉनिटरिंग और पारदर्शिता बढ़ाने पर जोर दिया।बैठक में यह भी निर्देश दिए गए कि जिन विभागों की राजस्व वसूली अपेक्षा से कम है, वे कमी के कारणों का विश्लेषण कर सुधारात्मक कदम तुरंत लागू करें।

कलेक्टर ने सम्पत्ति पंजीयन, भूमि राजस्व, खनिज, परिवहन, आबकारी और अन्य राजस्व घटकों की स्थिति की समीक्षा करते हुए आवश्यकतानुसार विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए। बैठक में विभागों के कार्यालय प्रमुखों ने जारी कार्यों के बारे में प्रस्तुति दी और आगामी अवधि में लक्ष्य प्राप्ति की रणनीति साझा की। कलेक्टर ने अधिकारियों से कहा कि राजस्व लक्ष्यों की पूर्ति में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और प्रत्येक विभाग अपनी जिम्मेदारी के अनुरूप प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करे।

## बड़गोंदा बालाजी मंदिर में मेले के साथ

# दंगल का आयोजन संपन्न हुआ

**रणजीत टाइम्स**

महू-इंदौर- जुगनू जादवसिंह धनावत ने बताया बड़गोंदा बालाजी मंदिर में मेले के साथ दंगल का आयोजन संपन्न हुआ इसमें सैंकड़ों पहलवानों ने दांव पेज आजमाएं। और विजेताओं को नगद ईनाम के अलावा बर्तन और अन्य सामग्री पुरस्कार के तौर पर सम्मान किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से रामेश्वर पटेल, नारायण पटेल, रामचंद्र गुर्जर, राधेश्याम मुवेल, सरपंच घनश्याम दोहायदा, जुगनू जादवसिंह धनावत, जीतू ठाकुर, बैकुंठ पटेल,शक्तिसिंह गोयल, हरिराम जुलवानिया, कमल चौधरी, भागीरथ गुर्जर, जीवन पटेल, ओम पटेल, हेमराज चौधरी, छोटू पहलवान,अशोक गोरा,मनीष डावर,अरुण गुर्जर, विष्णु गुर्जर इत्यादि हजारों लोगों ने हिस्सा लिया।



## वंदे मातरम् के 150वें स्मरणोत्सव पर पीजी कॉलेज के ऑडोटोरियम में हुआ आयोजन

**दिलीप पाटीदार**

**धार, राष्ट्रभक्ति और सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण का अद्भुत उदाहरण पेश करते हुए आज शासकीय पीजी कॉलेज में "वंदे मातरम्: 150वां स्मरणोत्सव समारोह" अत्यंत उत्साह और गरिमा के साथ सम्पन्न हुआ।**

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य राष्ट्रगीत वंदे मातरम् की ऐतिहासिक यात्रा, इसके रचनाकार बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय के योगदान और स्वतंत्रता आंदोलन में इसकी प्रेरणादायी भूमिका को नई पीढ़ी तक पहुँचाना रहा।



समारोह में विधायक नीना वर्मा, और कालूसिंह ठाकुर, कलेक्टर प्रियंक मिश्रा और पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी,महंत नीलेश भारती सहित अनेक जनप्रतिनिधि व अधिकारीगण शामिल हुए। सभी अतिथि नई दिल्ली में आयोजित केंद्रीय कार्यक्रम में वर्चुअली जुड़कर राष्ट्रीय स्तर पर मनाए जा रहे स्मरणोत्सव का हिस्सा बने।

### यह वर्चुअल सहभागिता

राष्ट्रगीत के प्रति सम्मान और देशभर में आयोजित कार्यक्रमों की एकजुटता का प्रतीक बनी।सभी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी से उद्बोधन को लाइव सुना। कार्यक्रम में सामूहिक वंदे मातरम् गान हुआ। जिसने वातावरण को देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत कर दिया। कार्यक्रम में स्वदेशी उत्पादों के अपनाने संबंधी शपथ भी दिलाई गई।

## दोस्त ने ही वारदात को दिया अंजाम, फरसा मारकर उतारा मौत के घाट

अशोकनगर। युवक की हत्या से सनसनी फैल गई। दोस्त ने ही फरसा मारकर मौत के घाट उतार दिया। हत्या की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई है। हत्या की वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया।दरअसल घटना सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के मंदसौर मिल की है, जहां फरसा मारकर युवक की हत्या कर दी गई। दोस्त ने ही हत्या की वारदात को अंजाम दिया है। बताया जाता है कि कुछ दिन पहले हुए विवाद का बदला हत्या कर लिया गया। शराब के नशे में धुत आरोपी ने फरसे से अनेक वार किए। युवक को लहूलुहान हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ नामजद मामला दर्ज किया है। मंदसौर मिल इलाके में अवैध और अनैतिक कार्य संचालित होते रहते है। हत्या की वारदात स्थल के समीप कलेक्टर, एसपी, सिटी कोतवाली सहित आला अधिकारियों के दफ्तर है।

## किसानों को परोसा जा रहा घटिया भोजन

हरदा। किसान संगठनों ने इसे गरीब किसानों के साथ अन्याय बताया है। भीम आर्मी के संभाग संयोजक महेंद्र काशिव मेहरा ने जिला प्रशासन से तत्काल जांच की मांग करते हुए चेतावनी दी है कि यदि स्थिति नहीं सुधरी तो वे आंदोलन करेंगे। सूत्रों के अनुसार, प्रशासन ने वीडियो की सत्यता की जांच शुरू कर दी है। दोषी पाए जाने पर ठेकेदार के खिलाफ एफएसएसएआई मानकों व IPC की धारा 269 व 273 के तहत कार्रवाई हो सकती है।कृषि उपज मंडी में किसानों को परोसे जा रहे भोजन की गुणवत्ता पर बवाल मच गया है। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में दिखाया गया है कि सब्जी के ऊपर से सीधे आलू डालकर खाना परोसा जा रहा है। इस वीडियो ने प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

**जन्मदिन की अग्रिम शुभ सूचना**

"रंजीत टाइम्स" में अब आप अपने या अपने प्रियजनों का जन्मदिन एक दिन पहले ही निशुल्क प्रकाशित करवा सकते हैं!

बस हमें भेजिए: 1 जन्मदिन मनाने वाले की फोटो

2 उसका पूरा नाम- 3 बधाई देने वाले का नाम जन्मदिन के एक दिन पहले ही विज्ञापन भेज दें, ताकि समय रहते प्रकाशित किया जा सके।

भेजने का नंबर (Aditya): 8224951278

रंजीत टाइम्स में आपका विज्ञापन पूरी तरह मुफ्त प्रकाशित किया जाएगा!
अपने जज़्बातों को शब्द दें – सिर्फ रंजीत टाइम्स के साथ।
टीम रंजीत टाइम्स- "आपका अपना अख़बार, आपकी आवाज़"

रणजीत टाइम्स

दैनिक रणजीत टाइम्स

जिला एवं तहसील स्तर पर एजेंसी देना है

अपना बायोडाटा सम्पूर्ण विवरण के साथ हमें प्रेषित करें

सम्पर्क करें

8224951278 :: 9827068888




फिजिकल कॉलेज में राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं का भव्य समापन,

# गुरु नानक इंटरनेशनल स्कूल ने प्रस्तुत किया सांस्कृतिक कार्यक्रम

**ऋषि गोस्वामी**

शिवपुरी। फिजिकल कॉलेज में आयोजित 69वीं राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं का सफलतापूर्वक समापन हुआ। यह प्रतियोगिताएं 1 नवम्बर से 5 नवम्बर तक आयोजित की गईं, जिनमें 14, 17 और 19 वर्ष आयु वर्ग के बालक एवं बालिका वर्ग की योग प्रतियोगिता, 19 वर्ष हैण्डबॉल एवं 19 वर्ष बालिका क्रिकेट प्रतियोगिता शामिल थीं। पाँच दिवसीय इस आयोजन में विभिन्न जिलों से आए खिलाड़ियों ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से दर्शकों का मन मोह लिया। प्रतियोगिताओं के समापन अवसर पर एक भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसकी प्रस्तुति गुरु नानक इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा की गई। विद्यार्थियों ने नृत्य, गीत और नाट्य प्रस्तुतियों के माध्यम से भारतीय संस्कृति की झलक दिखाई।



### इस सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेने वाले बच्चों को कल्चर कॉर्डिनेटर मोनू नामदेव द्वारा तैयार किया गया

बच्चों के उत्कृष्ट प्रदर्शन ने दर्शकों की खूब प्रशंसा प्राप्त की और कार्यक्रम में चार चाँद लगा दिए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी विवेक श्रीवास्तव मौजूद रहे। उन्होंने विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। साथ ही आयोजकों ने खेल भावना और अनुशासन को जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने का संदेश दिया। फिजिकल कॉलेज परिसर में उत्साह और ऊर्जा से भरपूर यह समापन समारोह सभी प्रतिभागियों के लिए यादगार रहा।

## दर्दनाक घटना: कैंसर से पीड़ित पुलिस कॉन्स्टेबल ने पुलिस क्वार्टर में लगाई फांसी, विभाग में मचा शोक

**रतलाम। जिले में एक दर्दनाक घटना सामने आई है, जहां कैंसर से पीड़ित एक पुलिस कॉन्स्टेबल ने आत्महत्या कर ली। घटना डीआरपी लाइन स्थित पुलिस क्वार्टर की है, जहां 50 वर्षीय कॉन्स्टेबल कोदार सिंह ने फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। इस घटना से पुलिस विभाग में शोक की लहर दौड़ गई है।**

जानकारी के अनुसार, मृतक कोदार सिंह एसपी ऑफिस में पदस्थ थे और पिछले दो महीने से बीमारी के कारण अवकाश पर चल रहे थे। बताया जा रहा है कि वे कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से जूझ रहे थे और डॉक्टरों ने उनकी हालत को



अंतिम चरण का बताया था। गुरुवार शाम को वे इंदौर से इलाज करवाकर रतलाम लौटे थे। शुक्रवार सुबह जब उनकी पत्नी चाय देने के लिए कमरे में गईं, तो उन्हें पति का शव पंखे से लटका हुआ मिला। यह दृश्य देखकर वह घबरा गईं और तुरंत परिजनों व विभाग को सूचना दी। घटना की खबर मिलते ही स्टेशन रोड थाना पुलिस मौके पर पहुंची, पंचनामा बनाकर शव को पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कॉलेज भिजवाया गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मृतक के सहयोगियों ने बताया कि कोदार सिंह शांत स्वभाव के व्यक्ति थे, लेकिन बीमारी के कारण मानसिक तनाव में थे। उनके निधन से पूरा पुलिस परिवार स्तब्ध है।

# आनंद विहार की सांसें होंगी आसान!

## एमसीडी का मेगा प्लान, जो प्रदूषण और जाम को देगा मात

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
दिल्ली का आनंद विहार ट्रैफिक जाम और धुंए का पर्याय बन चुका है। इस इलाके से निकलना मुश्किल हो जाता है। ट्रेन पकड़ने जाने वाले लोग एक्स्ट्रा समय लेकर घर से निकलते हैं। यहां सड़क पर इधर-उधर खड़ी बसें, उड़ती धूल और गुस्से में हॉर्न बजाते लोग.. ये नजारा आम है। लेकिन अब ये तमाशा जल्द खत्म होने वाला है। एमसीडी ने इसके लिए कमर कस ली है और एक धमाकेदार प्लान तैयार किया है जो इस इलाके को नया जीवन देने वाला है।

### 150 बसों का नया ठिकाना

सड़क पर बसें खड़ी करके ट्रैफिक ब्लॉक करने का खेल अब बंद होगा। एमसीडी जल्द ही मैन आनंद रोड पर 150 बसों की पार्किंग शुरू करने जा रही है। अब प्राइवेट बस वाले बाहर सड़क कब्जाने की बजाय आराम से अंदर पार्क करेंगे।

सबसे मजेदार गड़बड़झाला ये है कि आइएसबीटी में बस को सिर्फ 25 मिनट रखने की इजाजत है, उसके बाद जुर्माना इतना कि ऑपरेटर डर के मारे बस बाहर निकालकर सड़क पर पटक देते हैं। इसकी वजह से जाम लग जाता है। अब एमसीडी का प्लान है कि शीतकालीन प्रदूषण सीजन में ये 25 मिनट की लिमिट बढ़ा दी जाए। ताकि बसें बस स्टैंड के भीतर आराम से खड़ी हो सकें। अधिकारियों ने बताया कि एक्यूआई स्टेशन के पीछे वाली सड़क पर काम तेज कर दिया है। साथ ही सड़कें चमकाने के लिए जेटिंग मशीनें और एक्स्ट्रा कर्मचारी तैनात किए गए हैं। ताकि निर्माण के दौरान धूल ना उड़े और एक्यूआई ठीक रहे। 2018 में डीपीसीसी और सीपीसीबी ने 13 हॉटस्पॉट चुने थे, जहां पीएम 2.5 सबसे ज्यादा था। नंबर-1 पर ताज पहनाया गया आनंद विहार को। बाकी इस लिस्ट में मुंडका, वजीरपुर, जहांगीरपुरी, आरके पुरम, रोहिणी, पंजाबी बाग, ओखला, बवाना, विवेक विहार, नरेला, अशोक विहार और द्वारका शामिल थे। अब एमसीडी का ये मेगा ऑपरेशन इन हॉटस्पॉट्स को कूल बनाने की पहली बड़ी जंग है।



## न्यूपोर्ट न्यूज प्राथमिक विद्यालय, जहां वह पढ़ाती थीं

# घायल टीचर को मिलेंगे 10 मिलियन डॉलर

**वाशिंगटन, एजेंसी।**
अमेरिकी राज्य वर्जीनिया में एक छह वर्षीय छात्र ने अपने शिक्षक को गोली मारकर घायल कर दिया। गोली लगने से घायल शिक्षिका एबिगेल ज्वर्नर ने आरोप लगाया कि न्यूपोर्ट न्यूज प्राथमिक विद्यालय, जहां वह पढ़ाती थीं, वहां स्कूल के प्रमुखों को चेतावनी दी गई थी कि लड़के के पास बंदूक हो सकती है। इसके बावजूत प्रिंसिपल ने इसे नजरअंदाज किया गया।

छात्र द्वारा शिक्षिका को गोली मारे जाने के बाद मुकदमा दायर किया। शिक्षिका एबिगेल ज्वर्नर के वकीलों ने आरोप लगाया कि पार्कर को साथी छात्रों द्वारा दी गई रिपोर्ट के बारे में पता था कि 6 वर्षीय लड़का स्कूल में बंदूक लेकर आया था। इसके बावजूद भी इसे नजरअंदाज किया गया और कोई कार्रवाई नहीं की गई।



समाचार एजेंसी रॉयटर्स के अनुसार, इस मामले में गुरुवार को जूरी द्वारा शिक्षिका को 10 मिलियन डॉलर का हर्जाना देने का आदेश दिया गया। वहीं पार्कर पर अगले महीने बाल शोषण और उपेक्षा के आरोपों में आपराधिक मुकदमा चलेगा। वहीं, गोलीबारी करने वाले छात्र की मां डेजा टेलर को 2023 में नियंत्रित पदार्थ का सेवन करते हुए बंदूक रखने और बंदूक खरीदते समय झूठा बयान देने के संघीय आरोपों में 21 महीने की जेल की सजा सुनाई गई है।

पुलिस ने बताया कि लड़का अपने घर से 9 एमएम की हैंडगन लेकर अपने बैग में स्कूल गया था। लड़के ने अपनी कक्षा में एक बार बंदूक निकाली और शिक्षिका एबिगेल ज्वर्नर पर एक गोली चला दी, छात्र ने शिक्षिका को जब गोली मारी तब वह पहली कक्षा की कक्षा में पढ़ने की मेज पर बैठी थीं। गोली उनके हाथ और सीने में लगी। इससे वे गंभीर रूप से घायल हो गईं। उनके हाथ की पांच सर्जरी हो चुकी हैं और गोली अभी भी उसके सीने में धंसी हुई है।

न्यूपोर्ट न्यूज पुलिस ने उनकी प्रशंसा करते हुए कहा था कि उन्होंने अपने बाएं हाथ और छाती में गंभीर चोट लगने के बावजूद लगभग 20 छात्रों की अपनी कक्षा को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया थ।